खरना के साथ आरंभ हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

छठ घाट तैयार, व्रतियों का इंतजार

पटना (आससे)। छठ महापर्व के दूसरे दिन छठ व्रती का खरना प्रसाद एवं एकाहार के साथ आरंभ हुआ ३६ घंटे का छठ व्रत। खरना प्रसाद ग्रहण करने छठ व्रती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए परिजनों एवं पुरजनों का आवागमन रात्रि के प्रथम प्रहर के बाद तक जारी रहा।

खरना के बारे में शास्त्र में कहा गया है- 'एकाहारो नरोभुत्वा षष्ठ्योयोर्चयते रविम्। नियम व्रतचारी च भवेद्भक्ति समन्वित्॥' अर्थात् एक बार भोजन करके जो नियमपूर्वक इस षष्ठी व्रत को करते और भक्तिपूर्वक भगवान सूर्य की आराधना करते हैं उसे अश्वमेघ यज्ञ करने के समान पुण्य प्राप्त होता है।

शास्त्र निर्णय के अनुसार प्रचलित यह छठ व्रत की परंपरा आज भी उसी रूप में दिखती है। व्रतियों ने भगवान सूर्य और षष्ठी माता का ध्यान लगाकर खरना किया।

छठ पर्व के तीसरे दिन रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों द्वारा अर्घ्य दान किया जाएगा। सम्पूर्ण जनमानस की भागीदारी कला यह पर्व राजधानी में गंगा तट सहित महानगर के विभिन्न मुहल्लों में निर्मित पार्कों एवं छठ घाटों पर मनाने की तैयारी की गयी है। छठ की भक्ति में रम गया है सम्पूर्ण राजधानी क्षेत्र। दानापुर से बंकाघाट तक महानगर के छठव्रतियों का छठ महापर्व अलौकिक छटा बिखेरेगा। इसकी तैयारी बाट से घाट तक की गयी है।



छठ व्रतियों की सेवा में छठ घाट के मार्ग स्थित मुहल्लों में छठ पूजा समिति की ओर से आम का दातुन, अगरबत्ती, हुमाद, दूध (अर्घ्य के लिए) वितरण करने की व्यवस्था सहित प्रात:कालीन अर्घ्य पश्चात् छठव्रतियों की सेवा में शर्बत चाय आदि की व्यवस्था समितियों द्वारा की गयी है। आस्था और सेवा का अलौकिक दृश्य उपस्थित होगा आज सायंकालीन अर्घ्य में राजधानी में।

पीएमसीएच, एनएमसीएच एवं आईजीआईएमएस व अन्य अस्पताल अलर्ट मोड पर

(आज समाचार सेवा)

पटना। लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर राजधानी पटना के पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच), एनएमसीएच एवं आईजीआईएमएस समेत अन्य अस्पताल पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इस दौरान किसी भी तरह की दिक्कतें आयी, तो पूरा अस्पताल समुचित व्यवस्था के साथ तैयार हैं।

पीएमसीएच के अधीक्षक डा.राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों ही स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में अधिसूचना जारी कर सभी विभाग के विभागाध्यक्ष को छठ पूजा के अवसर पर मुस्तैदी से तैनात कर दिया गया। अधिसूचना में स्पष्ट रूप से कहा गया कि सभी विभाग के प्रमुख को छठ पूजा पर नियमित रूप से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएमसीएच में 72 बेड को रिजर्व कर दिया गया हैं।

इसके साथ ही विशेष तौर पर हड्डी विभाग, जनरल मेडिसिन विभाग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, न्यूरो विभाग समेत अन्य विभागों के चिकित्सकों को रोस्टर तैयार कर दिया गया। इसके अलावा सभी चिकित्सक, नर्स एवं पारा मेडिकल स्टॉफ को मरीजों को इलाज कराने के लिए चौबीसों घंटे तैनात कर दी गई हैं।

एनएमसीएच के अधीक्षक डा.राजीव रंजन सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा पर अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्था पूरी तरह दुरूस्त हैं। यहां इमरजेंसी विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इसके साथ ही 25 बेड को रिजर्व कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चौबीसों घंटे चिकित्सक, नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ एवं गार्ड की तैनाती कर दी गई हैं। इसके साथ ही सभी विभाग के विभागाध्यक्ष को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया हैं।

आईजीआईएमएस के उपनिदेशक डा.विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि छठ पूजा पर अस्पताल के इमरजेंसी सेवा सुचारू रूप से संचालित रहेगी। इसके साथ ही 15 बेड और 10 वेंटीलेटर रिजर्व किये गये। अस्पताल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया। जिसमें से विशेष रूप से नेत्र, हड्डी, मेडिसिन एवं स्किन समेत अन्य प्रमुख विभागों के चिकित्सकों की रोस्टर के तहत ड्यूटी पर नियुक्त किये गये हैं।



गंगा घाटों पर तैनात रहेंगे गोताखोर

पटना सिटी (आससे)। अनुमंडल प्रशासन की ओर से छठ को लेकर की गयी तैयारियों के बीच गंगा घाटों पर गोतखोर, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती की गयी है,. भद्र घाट पर एनडीआरएफ की टीम सहायक कमांडेड व गायघाट में एसडीआरएफ टीम के इंचार्ज की देखरेख में टीम की तैनाती की गयी है.एसडीओ कशिश बक्शी ने गंगा घाटों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जहां पर कमी दिखी उसे दूर करने का निर्देश दिया। इस संबंध में. एसडीओ ने बताया कि दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती के साथ गोतखोर की टीम को लगाया गया है. पांच घाट लॉ कॉलेज घाट, गायघाट, भद्र घाट, महावीर घाट व कंगन घाट पर विशेष निगरानी रखी जायेगी. ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना त्योहार के दौरान व्रतियों को नहीं करना पड़े. इस दौरान एसडीओ ने एक दर्जन से अधिक गंगा घाटों का निरीक्षण किया. नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा ने भी गंगा घाटों का निरीक्षण किया और व्यवस्था को देखा. दूसरी ओर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इमरजेंसी में बेड दस आरक्षित किये गये है. अधीक्षक डॉ राजीव रंजन व उपाधीक्षक डॉ पीडी वर्मा ने बताया कि इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक व कर्मियों की तैनाती की गयी है।

फाईब्रोस्कैन
50% की छूट
सीमित अवधि के लिए
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।


फाइब्रोस्कैन के फायदे
☑ बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
☑ तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
☑ सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नही)
☑ सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
☑ तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)
लिवर को जानें, समय पर रोकें
सामान्य लिवर | सिरोसिस
DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186

कहीं सैंड आर्ट तो, कहीं बने आकर्षक सेल्फी प्वाइंट

पटना (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पटना नगर निगम ने शहर के गंगा घाटों पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। 100 से अधिक गंगा घाटों पर अर्घ्य की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पाटलिपुत्र अंचल में तीन, बांकीपुर और पटना सिटी में एक-एक अस्थायी तालाब भी बनाए गए हैं। इन तालाबों में हजारों व्रतियों को सुरक्षित अर्घ्य देने की सुविधा मिलेगी। इस बार निगम छठ महापर्व को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में मनाएगा। इसके लिए गंगा घाटों पर 43 विशेष कचरा पृथक्करण केंद्र बनाए गए हैं। यहां चार श्रेणियों में कचरा जमा किया जाएगा, ताकि पूजा सामग्री और अन्य अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो सके। पाटलिपुत्र अंचल के एलसीटी, राजापुर पुल और पहलवान घाट पर बने अस्थायी तालाबों में प्रत्येक में करीब 500 व्रती एक साथ अर्घ्य दे सकेंगे। वहीं, पटना सिटी के अब्दुल रहमानपुर घाट पर बने तालाब में 300 और बांकीपुर के बड़हड़वा घाट के पक्के तालाब में 50 व्रतियों के अर्घ्य देने की व्यवस्था है। गंगा का पानी दूर चले जाने के कारण काली घाट पर पोकलेन मशीन से नहर बनाकर गंगाजल पहुंचाया गया है। अजीमाबाद और पटना सिटी के 26-26 घाटों सहित विभिन्न अंचलों में साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और रोशनी की व्यवस्था की गई है। घाटों पर ओडिशा के कलाकारों द्वारा तैयार सैंड आर्ट, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट और तोरण द्वार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगे। वाहनों के लिए पार्किंग, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, यात्री शेड, वॉच टावर और कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। धूल से बचाव के लिए पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना सं- टीआरडी/सोन/ई.टी/26-27/22 **कार्य का नाम एवं स्थान:** छपरा-कटिहार-सोनपुर मंडल में एबीएसएस कार्य के कारण ओएचई में संशोधन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य:** रू 11974545/- **3.जमानत राशि:** रू 239500/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रू 0/- **4. ई-निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खुलने की तिथि:** ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की निर्धारित तिथि एवं समय : दिनांक 04.12.2026 को 12.00 बजे तक। ई-निविदा प्रपत्र खुलने का निर्धारित समय : दिनांक 04.12.2026 को 12.00 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.) कार्यालय, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर में खोले जायेंगें। **5. बेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड का लोकेशन जहाँ से ई-निविदा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वेबसाइट **www. ireps.gov.in** नोटिस बोर्ड: मंडल रेल प्रबंधक/सोनपुर के कैम्पस भवन, पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

वरीय मंडल विद्युत इंजीनियर/(क.वि)
पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

पीआर/1350/एसईई/टीआरडी/टी/26-27/28



केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम | सिंडिकेट Syndicate | A Govt. of India Undertaking

सोने की नीलामी सूचना

नीचे दिए गए विवरण वाले गोल्ड लोन खातों के तहत बैंक के पास गिरवी रखे गए गहनों की सार्वजनिक नीलामी, ऊपर बताई गई शाखा के परिसर में **30.11.2026** को प्रातः 03:00 बजे होगी।

क्र. सं.	शाखा का नाम	ऋण खाता संख्या	ऋण का नाम	सकल वजन एवं शुद्ध वजन	आरक्षित मूल्य (रू.)
1	दानापुर छावनी (17405)	180206526635	मनोज कुमार	15.90 ग्राम	रू. 2,09,000/-
2	पटना अनीसाबाद (02819)	164117797534	रंजीत कुमार राम	20.80 ग्राम	रू. 2,73,500/-
3	पटना राजा बाजार (02519)	164121312448	मेघा	63.88 ग्राम	रू. 8,40,000/-
4	पटना राजा बाजार (02519)	164109642570	नीरज कुमार	3.08 ग्राम	रू. 40,500/-

यह नीलामी इन शर्तों पर है: 1) यह "जो है जहां है" के आधार पर है। 2) नीलामी सूचना में बताया गया आरक्षित मूल्य, नीलामी की तारीख के बाजार मुल्य के आधार पर अलग हो सकता है। 3) सफल बोली लगाने वाले को पूरी बोली की रकम एक बार में चुकानी होगी एवं अपने पूरे जोखिम एवं जिम्मेदारी पर गहनों की डिलीवरी लेनी होगी, इस मामले में बोली लगाने वाला किसी भी कारण से हमारे बैंक से कोई दावा नहीं कर सकेगा। 4) बैंक के पास यह अधिकार है कि वह जरूरत पड़ने पर खाते में गिरवी रखे गए सभी या किसी भी गहने की नीलामी करे, या बिना किसी पूर्व सूचना के एवं अपनी मर्जी से किसी भी समय नीलामी रोक दे। 5) बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है। 6) बैंक के पास अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी चरण में नीलामी की बिक्री को भविष्य की किसी तारीख के लिए टालने/स्थगित करने का अधिकार है एवं कोई भी व्यक्ति इसके लिए किसी पूर्व सूचना या अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। 7) यदि सफल बोली लगाने वाला बोली की रकम का भुगतान नहीं करता है और/या ऐसा कुछ करता है जिससे नीलामी को टालने/स्थगित करने/नई नीलामी करने की जरूरत पड़ सकती है, तो वह अपनी उन गलतियों के कारण हुए नुकसान (यदि कोई हो) की भरपाई करने के लिए बैंक के प्रति जवाबदेह होगा, जो नीलामी को पूरा करने में बाधा बनती हैं। 8) यदि नीलामी विफल हो जाती है, तो बैंक पुनः अखबार में प्रकाशित करेगा एवं इस अखबार की सूचना में बताई गई नीलामी की तारीख के बाद किसी भी तारीख को नीलामी आयोजित करेगा।

नोट :- सफल बोली लगाने वाले को नीलामी के अगले कामकाजी दिन तक पूरा पेमेंट कर देना चाहिए। ऐसा न करने पर, बोली रद्द कर दी जाएगी एवं EMD की रकम जब्त कर ली जाएगी।

दिनांक: 15.11.2026 | वाद की स्थिती में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। | प्राधिकृत अधिकारी



दादाबाड़ी जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी (आससे)। ज्ञान पंचमी के मौके पर बेगमपुर स्थित प्राचीन दादाबाड़ी जैन मंदिर मे भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गुरु गौतम गनधर स्वामी की उपासना की गयी. इसके बाद विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गयी।. आयोजन में शामिल प्रदीप जैन ने बताया कि ज्ञान पंचमी पर पांच ज्ञान की पूजा अर्चना की जाती है.

पूजा अर्चना व मंगल आरती के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए. आयोजन में महिला व पुरुष भक्त उपस्थित थे।



छठ पर्व लोक आस्था एवं जन-संस्कृति का एक महापर्व है। भगवान सूर्य की उपासना का यह अनुष्ठान सुख-समृद्धि एवं मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है।

सभी बिहारवासियों से मेरी अपील है कि वे इस पावन पर्व को साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएँ।

मेरी शुभकामना है कि यह त्योहार बिहारवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द्र का नया सवेरा लेकर आए।

छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।



सम्राट चौधरी
मुख्यमंत्री, बिहार

PR.No_014313(Home)D.2026.27